# हाजिर में चीनी के दाम सुस्त

**नई दिल्ली** ◆ गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय बाजार में चीनी की कीमतों में तेजी के कारण घरेलू वायदा कारोबार में भी चीनी में तेजी दर्ज की गई। चीनी एम-ग्रेड के सितंबर वायदा 3 फीसदी उछलकर 3,515 रुपये प्रति क्विंटल दर्ज किया गया। जबकि थोक बाजार में चीनी एम ग्रेड चीनी की कीमतों में 10 रुपये प्रति किलो की कमी दर्ज की गई। एस ग्रेड चीनी की हाजिर कीमत बुधवार के भाव पर ही स्थिर रही। बाजार के जानकारों ने बताया कि गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय बाजार में चीनी की कीमतों में तेजी के कारण घरेलू स्तर पर निर्यातकों की मांग में तेजी दर्ज की गई। इससे वायदा में चीनी के भाव बढ़े। हालांकि वायदा कीमतों में तेजी का असर हाजिर कीमतों पर देखने को नहीं मिला। गुरुवार को दिल्ली थोक बाजार में चीनी एम ग्रेड का भाव 3,640-3,790 रुपये और एस ग्रेड का भाव 3,600-3,750 रुपये प्रति क्विंटल दर्ज किया गया। **(ब्यूरो/एजेंसी)**